>

Title: Need to constitute an inquiry committee to allocate fund for development of tribal areas in Rajasthan.

**श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से उदयपुर संसदीय क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में 80 परसेंट जनसंख्या जनजाति समुदाय की है। वहां जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग का एक बड़ा कार्यालय काम करता है। कार्यालय के माध्यम से, जनजातीय मंत्रालय के माध्यम से, विकास के लिए 275 (1) के तहत बजट का प्रावधान किया गया है, जिससे माहवारी केंद्र, छात्रावास का निर्माण और छात्रावास चलाने का प्रावधान है, लेकिन, दुर्भाग्य की बात है कि राजस्थान में कांग्रेस का शासन है। भारत सरकार उनको जो बजट देती है, उस बजट को डायवर्ट करके दूसरे मद में खर्च कर दिया जाता है।

मैं आपके माध्यम से यह मांग करना चाहता हूं कि इसके लिए एक निगरानी तंत्र बनाया जाए।